**आकाशवाणी**
**श्री विजयपुरम**

दिनांक : 02.12.2024 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।
- संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज में रूकावट आई।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कल लांग आइलैंड का दौरा कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया।
- द्वीप पर्यटन उत्सव के लिए स्टॉलों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।
- राज्य पुस्तकालय की कार्य अवधि में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। भुवनेश्वर में उनसठवे अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस पर कार्य भार कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने पुलिस थानों को संसाधन आवंटन का केंद्र बिंदु बनाने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। उन्होंने सम्मेलन के दौरान सुझाई गई रणनीतियों पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने पुलिस नेतृत्व से डिजिटल जालसाजी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित संकटों से निपटने के लिए भारत के प्रौद्योगिकी क्षमता दोगुनी कर इस चुनौती को अवसर में बदलने की अपील की। शहरी पुलिस प्रबंधन में प्रभावित कदमों की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सुझाव कि प्रत्येक पहल देश के सौ शहरों में समन्वित रूप से लागू की जाए। उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के मंत्र पर जोर दिया तथा पुलिस बल को और अधिक सतर्क, कौशल–संपन्न, विश्वसनीय और पारदर्शी बनने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तीकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल बाईस व्यक्तियों और ग्यारह संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए इस वर्ष अमर जैन राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण करेंगे। वे शत प्रतिशत दृष्टि बाधित लोगों को कानूनी परामर्श उपलब्ध कराते हैं। अमर जैन ने अपनी प्रेरक जीवन कथा साझा करते हुए उनके समक्ष आई बाधाओं का उल्लेख किया। पचहत्तर प्रतिशत गतिशीलता दिव्यांगता के साथ प्रतीक खंडेलवाल को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया जाएगा। श्री खंडेलवाल रैंप माई सिटी के संस्थापक हैं। उन्होंने बताया कि उनका स्टार्टअप उद्यम किस तरह शहरी परिवेश को दिव्यांगजन के लिए अधिक सुगम्य बनाने में मदद कर रहा है।

<><><><><><><>

संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज में रूकावट आई। दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया। इस कारण कार्यवाही पहले दोपहर बारह बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही सवेरे शुरू होते ही विपक्षी सांसद एक व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों, संभल में हिंसा और मणिपुर की स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष की नारेबाजी जारी रही। इसके बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही बारह बजे तक स्थगित कर दी। जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तब भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। शोर–शराबे के बीच जहाजरानी मंत्री सर्बानन्द

सोनोवाल ने तटीय जहाजरानी विधेयक दो हजार चौबीस पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने विभिन्न मुद्दो पर विपक्ष के स्थगन नोटिस को नामंजूर कर दिया और हंगामा कर रहे सदस्यों से अपील की कि वे सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दें लेकिन विपक्ष पर इसका कोई असर नहीं हुआ।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मायाबंदर मुख्य कार्यालय के सहायक आयुक्त आशीष जून और ज़िला परिषद अन्य सदस्यों और अधिकारियों के साथ कल लांग आइलैंड का दौरा कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने ज़िला परिषद द्वारा चलाए जा रहे आगामी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ज़िला परिषद हॉल, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ठोस अपशिष्ट उपचार केन्द्र और हेलीपैड का ज़ायज़ा लिया। दल ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। क्षेत्र के प्रधान के अनुरोध पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्थानीय निवासियों के लाभ के लिए एक चेक डैम के निर्माण का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह मे इस वर्ष सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक द्वीप पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी मैदान में पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव के दौरान स्टॉलों का आवंटन भी किया जाएगा। खान—पान तथा सामान्य स्टॉलों के लिए इच्छुक उद्यमी और व्यक्तिगत लोग आवेदन जमा कर सकते हैं। आवदेन फार्म छः दिसम्बर शाम तीन बजे तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किया जा सकता है। स्टॉलों का आवंटन सत्रह दिसम्बर को किया जाएगा और आवंटन पत्र बीस दिसम्बर को जारी होगा।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग द्वारा हाल ही में मोटर वाहन अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का मोटर वाहन चालकों द्वारा पालन सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया गया। परिवहन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल के नेतृत्व में दल ने वाहनों की जांच की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम का सही तरीके से पालन करने के लिए जागरूक करना था। इस अभियान के दौरान वाहन चालकों को अधिनियम का उल्लंघन करते पाया गया, जिनमें बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट और बिना किराया मीटर के वाहन चलाना शामिल है। अभियान के तहत वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम का पालन करने की सलाह दी गई है। कानून का पालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में जीएसटी सुविधा केंद्र जून दो हजार सत्रह से चालू है और करदाताओं को जीएसटी पंजीकरण, जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, रिफंड में मदद करने के लिए द्वीपसमूह के सामान्य सेवा केन्द्रों में हेल्प डेस्क भी खोले गए हैं। जीएसटी से संबंधित प्रश्नों में किसी भी सहायता की आवश्यकता वाले सभी पंजीकृत करदाता मुफ्त सहायता के लिए श्री विजय पुरम के पुराने जिला परिषद भवन के नए कार्यालय परिसर में यूटीजीएसटी विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर कल क्यारी में कृषि शिक्षा दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कृषि के प्रति रूचि पैदा करना और इस क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>

राज्य पुस्तकालय की कार्य अवधि में संशोधन किया गया है। अब पुस्तकालय दिन में बारह बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक खुला रहेगा। भोजनावकाश दिन में डेढ़ बजे से दो बजे तक रहेगा। सोमवार, सार्वजनिक अवकाश और दूसरे शनिवार को छोड़कर अन्य सभी कार्य दिवसों में विद्यार्थी, आम जनता और सरकारी कर्मचारी इसका लाभ उठा सकते हैं। यह संशोधन कल से लागू होगा।

<><><><><><><>

तटरक्षक की ओर से चिंते लांग रेंज में छः दिसम्बर और बफल रेंज में अट्ठारह दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। सभी संबंधितों से अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>